महत्वपूर्ण / समयबद्ध

संख्या : १४५ / आठ–1–18–08विविध / 2016

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 26जून, 2018

विषयः अवस्थापना निधि से कराये जाने वाले कार्यों के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश के विभिन्न विकास प्राधिकरणों में आपके के अधीन अवस्थापना विकास निधि का गठन किया गया है, जिससे प्राधिकरण के विकास कार्य कराये जाते हैं। वर्तमान में प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित है, जिसके लिए भूमि की उपलब्धता एवं उक्त भूमि के बाह्य विकास को सुनिश्चित किया जाना है।

2– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासन को यह अवगत कराने का कष्ट करें कि आपके नियंत्रणाधीन प्राधिकरण के अन्तर्गत अवस्थापना निधि में कितनी धनराशि उपलब्ध है ? इस धनराशि से वर्तमान में कौन–कौन सी प्राधिकरण की योजनाएं संचालित हैं एवं इनकी वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की स्थिति क्या है ? यह भी अवगत कराने का कष्ट करें कि उक्त निधि के अन्तर्गत कौन सी नयी योजनाएं की जानी प्रस्तावित हैं ?

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत भवन निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कराकर उसका बाह्य विकास कराने का कष्ट करें। योजना की महत्ता के दृष्टिगत सर्वोच्च प्राथमिकता विशेष रूप से अपेक्षित है।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

E:\Awas-1 Yadav